SAMPLE QUESTION PAPER (2019-2020)

GEOGRAPHY (029) – XIIth

---

Time – 3 Hours　　　　　　　　　　　　　　　　　　maximum marks – 70

सामान्य निर्देश:

i. इस प्रश्न पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं।
ii. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।
iii. प्रश्न संख्या 1 से 18 तक वस्तुनिष्ठ (MCQ) प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। उत्तर पुस्तिका पर केवल सही उत्तर लिखे।
iv. प्रश्न संख्या 19 से 22 तक लघुत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80-100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
v. प्रश्न संख्या 23 स 28 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक पश्न 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
vi. प्रश्न संख्या 29 और 30 मानचित्र आधारित भौगोलिक लक्षणों को पहचानने तथा उनकी स्थिति दर्शाने से सम्बंधित है। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।
vii. आपको दिए गए संसार तथा भारत के रेखा मानचित्रों को उत्तर पुस्तिका से आवश्य सलंग्न करें।
viii. रेखा मानचित्रों के लिए स्टेंसिल या टेम्पलेटस के उपयोग की अनुमति दी जाती है।

खण्ड A

1. निम्नलिखित में से किस वर्ग की जनसंख्या को कार्यशील जनसंख्या कहा जाता है?
   A. 0-14 वर्ष
   B. 15-59 वर्ष
   C. 0-69 वर्ष
   D. 60 वर्ष से अधिक
2. मानव विकास के सम्बंध में कौन सा कथन सही नहीं है?
   A. विकास मात्रात्मक और मूल्य निरपेक्ष होता है।
   B. विकास गुणात्मक परिवर्तन है। जो मूल्य सापेक्ष होता है।
   C. विकास उस समय होता है जब सकारात्मक वृद्धि होती है।
   D. विकास गुणवत्ता में सकारात्मक परिवर्तन है।

3. कालम A की मदो का मिलान कालम B की मदो से कीजिए तथा नीचे दिए कूट की सहायता से उचित विकल्प का चयन कीजिए।

| | **कालम A** | **कालम B** |
|---|---|---|
| i. | समता | 1. मानव क्षमताओं का निर्माण |
| ii. | सतत पोषणीयता | 2. अवसरों के लिए समान पहुँच |
| iii. | उत्पादक्ता | 3. अवसरों की निरंतरता |
| iv. | सशक्तीकरण | 4. विकल्प चुनने की शक्ति |

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| A. | 3 | 1 | 2 | 4 |
| B. | 4 | 3 | 1 | 2 |
| C. | 2 | 3 | 1 | 4 |
| D. | 2 | 1 | 3 | 4 |

4. निम्न लिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

निम्न में से कौन सा कथन सही नही है?

A. पीटसबर्ग क्षेत्र का महत्व घट रहा है। इस क्षेत्र को जंग का कटोरा कहा जाता है।
B. जर्मनी के इस्पात उत्पादन का 80% रूहर से प्राप्त होता है।
C. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग सरकार के अधीन होते है।
D. सूती वस्त्र उद्योग सभी उद्योगो का आधार है। इसलिए इसे आधारभूत उद्योग कहते हैं।

अथवा

निम्न में कौनसा कथन कुटीर उद्योगो के लिए सही नही है।

A. कुटीर उद्योग निर्माण की सबसे छोटी इकाई है।
B. इस उद्योगों के लिए विशाल बाज़ार बिभिन्न प्रकार का कच्चा माल व कुशल श्रमिक आपेक्षित है।
C. पूंजी व परिवहन इन उद्योगों को अधिक प्रभावित नही करता।
D. साधारण औजारों से परिवार के सदस्य दैनिक जीवन के उपभोग की वस्तुओं का उत्पादन करते हैं।

5. निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है।

A. रबर उद्योग – कृषि आधारित

B. जवाहरात उद्योग – खनिज आधारित

C. प्लास्टिक निर्माण – वन आधारित

D. ऊनी वस्त्र उद्योग – पशु आधारित

6. निम्न में से कौन सा चुतुर्थ सेक्टर का क्रियाकलाप नही है।

A. रंगमंच कर्मी

B. साफ्टवेयर इंजिनियर

C. वैज्ञानिक

D. प्रबंधक

7. जब रोगियों के उपचार को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन गतिविधि से संबंध कर दिया जाता है तो इसे क्या कहते है।

A. धार्मिक पर्यटन

B. निकित्सा पर्यटन

C. खेल पर्यटन

D. संस्कृतिक पर्यटन

8. कालम A की मदो का मिलान कालम B की मदो से कीजिए तथा उचित कूट की सहायता से सही विकल्प का चयन कीजिए।

| | **कालम A** | **कालम B** |
|---|---|---|
| i. | सिंगापुर | 1. नौ सेना पत्तन |
| ii. | डोवर | 2. तैल पत्तन |
| iii. | अबादान | 3. पैकेट स्टेशन |
| iv. | कोचिय | 4. आंत्रपो पत्तन |

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| A. | 4 | 3 | 2 | 1 |
| B. | 2 | 3 | 1 | 4 |
| C. | 4 | 1 | 3 | 2 |
| D. | 3 | 1 | 4 | 2 |

9. निम्न में कौन सा सुमेलित नहीं है।

A. झील व तालाब के चारो ओर बसी बस्ती – वृत्ताकार पतिरूप

B. रेलवे लाइन व सडक के किनारे-किनारे बसी बस्ती – आयताकार प्रतिरूप

C. चौराहे पर बसी बस्ती – चौक पटटी प्रतिरूप

D. विभिन्न दिशाओ से आये मार्गो के सहारे बसी बस्ती – तार प्रतिरूप

अथवा

निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है।

A. केनबारा – प्रशासनिक नगर

B. मैनचेस्टर – व्यापारिक नगर

C. जैरूसलम – औद्योगिक नगर

D. ब्रोकन हिल – खनन नगर

10. निम्न में से कौन सा राज्यो का समूह अन्य राज्यों से प्रवासियो को आकर्षित करता है।

A. हिमाचल, पंजाब, राजस्थान, असम

B. कर्नाटक, बिहार, उत्तप्रदेश, हरियाणा

C. तैलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार

D. महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा

11. भारत में मानव विकास के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही विकल्प चुनिए।

**भारत में मानव विकास**

i. अवसरों के साथ-साथ उपेक्षाओं एवं बंचनाओं का मिला-जुला थैला है।

ii. महानगरो में एक छोर पर विकसित इनक्लेव है तो दूसरे छोर पर विशाल गंदी बस्तियां है।

iii. भारत में विकास के अवसरो का वितरण सभी के लिए न्याय संगत है।

A. केवल कथन 1 और 3 सही है।

B. कथन 2 और 3 सही है।

C. कथन 1 और 2 सही है।

D. कोई भी कथन सही नही है।

12. निम्न में से कौन सा स्मार्ट सिटी योजना का मिशन नही है।

A. शहरो को बढावा देना।

B. शहरी नगरिकों को बेहतर जीवन प्रदान करना।

C. आपदाओं से कम जोखिम वाले क्षेत्र विकसित करना

D. नगरो में औद्योगिकरण का विस्तार करना।

अथवा

निम्न में कौन सा सुमेलित नही है।

A. हडप्पा – प्रागैतिहासिक नगर

B. इलाहाबाद – मध्यकालीन नगर

C. सूरत – आधुनिक नगर

D. गांधीनगर – स्वतंत्रता के पश्चात का नगर

13. निम्न में कौन सा कथन साझा संपति संसाधन के विषय में सही नही है।

A. सांझा सम्पति सामुदायिक उपयोग के लिए राज्यो के स्वासित्व में होती है।

B. साझा सम्पति संसाधनों का महत्व भूमिहीन किसान तथा कमजोर वर्ग के लिए अधिक है।

C. साझा सम्पति संसाधनों को सामुदायिक प्रकृतिक संसाधन भी कहा जाता है।

D. किसानों के अपने बाग व खेत इसके उदाहरण है।

14. निम्न में से किन दो शहरो के बीच यमुना नदी देश की सबसे अधिक प्रदुषित नदी है।

A. दिल्ली - इटावा के बीच

B. दिल्ली – कानपुर के बीच

C. आगरा – इलाहाबाद के बीच

D. आगरा - कानपुर के बीच

15. भारत के किन दो राज्यो में अधिक जल निकालने के कारण भूमिगत जल में फ्लुओराइड का संकेद्रण बढ़ गया है।

A. असम और नागालैण्ड

B. हिमाचल और जम्मू कश्मीर

C. राजस्थान और महाराष्ट्र

D. केरल व तमिलनाडू

16. निम्न लिखित तलिका को पूरा कीजिए।

| | **खनिज** | **प्रमुख उपयोग** | **प्रमुख खनन क्षेत्र / राज्य** |
|---|---|---|---|
| 1 | लौह आयस्क | लौह इस्पात बनाना,<br>मशीन व औज़ार बनाना | बेलाडिला, उडीसा |
| 2. | मैगनीज़ | A................................ | B................................ |

17. निम्न में से कौन सी बाज़ार आधारित तेल शोधनशाला है।

A. डिगबोई

B. बरौनी

C. नुमालीगढ

D. कोयली

18. निम्न को सुमेलित कीजिए और नीचे विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।

| | **इस्पात संयन्त्र** | **सहयोगी देश** |
|---|---|---|
| i. | राउरकेला इस्पात संयन्त्र | 1. रूस |
| ii. | भिलाई इस्पात संयन्त्र | 2. स्वदेशी तकनीक |
| iii. | दुर्गापुर इस्पात संयन्त्र | 3. जर्मनी |
| iv. | विजयनगर इस्पात संयन्त्र | 4. यूनाइटेड किंगडम |

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| A. | 3 | 1 | 4 | 2 |
| B. | 2 | 3 | 4 | 1 |
| C. | 4 | 1 | 3 | 2 |
| D. | 2 | 1 | 3 | 4 |

## खण्ड B

19. “नव निश्चयवाद की अवधारणा संभववाद और निश्चयवाद के बीच मध्यम मार्ग का अनुसरण करती है।” तीन तर्क देकर कथन को प्रमाणित कीजिए।

20. पार साइबेरियन रेल मार्ग के आर्थिक महत्व को तीन बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।

अथवा

पार कनेडियन रेल मार्ग के आर्थिक महत्व को तीन बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।

21. “भारत में जनसंख्या का वितरण सामाजिक आर्थिक एवं एतिहासिक कारकों से प्रभावित रहा है।” तीन तर्क देकर कथन को न्याय संगत ठहराइए।

22. मेट्रो रेल ने कोलकाता और दिल्ली में नगरीय परिवहन में क्रांति ला दी है।” तीन तर्क देकर कथन का विशलेषण कीजिए।

## खण्ड C

23. “बेटी बचाओ बेटी पढाओ” सामाजिक अभियान ने समाज में जेंडर के प्रति संवेदनशीलता को बढावा दिया है। कथन को प्रमाणित कीजिए।

24. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि की पाँच विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

डेरी कृषि की किन्ही पांच विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

25. संसार में विकाशशील देशों में ग्रामीण बस्तियों की किन्ही पांच समस्याओं का विशलेषण कीजिए।

अथवा

विश्व में विकासशील देशों की नगरीय बस्तियों की किन्ही पांच पर्यावरणीय समस्याओं का विशलेषण कीजिए।

26. पर्यटन शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए। संसार में पर्यटको को आकृषित करने वाले किन्ही चार कारको की व्याख्या कीजिए।

27. भारत में सतत पोषणीय विकास को बढावा देने वाले किन्ही पांच उपायो को उजागर कीजिए।

28. मुम्बई पुणे औद्योगिक प्रदेश की किन्ही पांच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

छोटे नागपुर पठार औद्योगिक प्रदेश को किन्ही पांच विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

29. संसार के दिए गए राजनीतिक रेखा मांचित्र में दिखाए गए पाँच भैगोलिक लक्षणों A, B, C, D और E की पहचार कीजिए और उनके सही नाम निम्नलिखित जानकारी की मदद से उनके पास खीची गई रेखाओं पर लिखिए।

A. प्रमुख समुद्री पत्तन

B. अन्तर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

C. प्रमुख औद्योगिक प्रदेश

D. चलवासी पशुचारण का महत्वपूर्ण क्षेत्र

E. मेगा सिटी

30. भारत के दिए गए राजनैतिक रेखा मानचित्र में निम्न में से किन्ही पांच लक्षणों की स्थिति को उपयुक्त चिन्हों की सहायता से दर्शाइए तथा उनके नाम लिखिए

A. चाय का प्रमुख उत्पादक राज्य

B. मयूरभंज लौह अयस्क क्षेत्र

C. मानव विकास के सर्वोच्च स्थान प्राप्त राज्य

D. बिहार की तेल शोधनशाला

E. उडीसा का लोहा इस्पात सन्यंत्र

F. चेन्नई समुंद्री पत्तन

G. असम का अंतराष्ट्रीय वायु पत्तन


H. उत्तर दक्षिण गलियारे का दक्षिणतम बिंदु

प्रश्न सं. 29 के लिए

For question no. 29

Political outline map of the World

संसार का राजनीतिक रेखा-मानचित्र



30
प्रश्न सं. के लिए

For question no. 30

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

## Outline Map of India (Political)

